**28/03**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक ने राज्य के लोगों से आज रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक एक घंटे के लिए सभी गैर-आवश्यक लाइटें बंद करके अर्थ आवर के आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है। लोगो से अपील करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अर्थ आवर के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आइए हम 'धरती के लिए सबसे "बड़ा घंटा" बनाएं। विश्व वन्यजीव कोष (WWF) द्वारा वैश्विक स्तर पर आयोजित अर्थ आवर एक विश्वव्यापी अभियान है जो जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के नुकसान और पर्यावरणीय स्थिरता की तात्कालिक आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाता है। यह पहल लोगों को एक घंटे के लिए गैर-जरूरी लाइटें बंद करने के लिए प्रेरित करती है, जिससे एक प्रतीकात्मक "लाइट्स-ऑफ" पल बनता है और हमारे ग्रह की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास को बढ़ावा मिलता है |

000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वी कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

0000000000000000000

राज्य के पशुपालन मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कल निरजुली स्थित केंद्रीय मवेशी प्रजनन फार्म में 2×15 क्यूबिक मीटर क्षमता वाले बायोगैस प्लांट का उद्घाटन किया। यह प्लांट पारंपरिक एलपीजी के उपयोग के स्थान पर एक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रदान कर रहा है। लगभग 150 मवेशियों से प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले बड़े पैमाने पर गोबर को अब इस पहल के तहत स्वच्छ बायोगैस में परिवर्तित किया जा रहा है, जिसका उपयोग खाना पकाने और प्रकाश के लिए किया जा रहा है। इसके साथ ही, इससे पोषक तत्वों से भरपूर स्लरी भी तैयार हो रही है, जो जैविक खेती को बढ़ावा देने में सहायक है। श्री वांगसू ने बताया कि इस प्लांट से फार्म परिसर में रहने वाले 12 से अधिक परिवारों को पहले से ही लाभ मिल रहा है, जो पहले एलपीजी पर निर्भर थे। अब उनके रसोईघर सीधे बायोगैस यूनिट से जुड़े हुए हैं, जिससे एलपीजी की खपत में काफी कमी आई है। उन्होंने आगे विभाग को निर्देश दिया कि इस सफल मॉडल की क्षमता बढ़ाने और इसे अरुणाचल प्रदेश के सभी राज्य फार्मों में लागू करने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाएं।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की डॉ. केन्यूम बागरा को वाराणसी स्थित बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय की Indian Institute of Technology के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया है। वेस्ट सियांग जिले की डॉ. बागरा ने अपनी पीएचडी की डिग्री Indian Institute of Technology Roorkee से प्राप्त की है।सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू  ने उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी शैक्षणिक यात्रा उनके समर्पण, उत्कृष्टता और कड़ी मेहनत को दर्शाती है।

0000000000000000

पापुम पारे जिले के गुमटो क्षेत्र से एक एशियाई काले भालू के शावक को बचाया गया। इस शावक को चुखू कार्लुम द्वारा रेस्क्यू कर Biological Park Itanagar को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि यह शावक अपनी मां से बिछड़ गया था और कमजोर व असुरक्षित अवस्था में पाया गया, जिसके कारण तुरंत बचाव कार्य किया गया।बायोलॉजिकल पार्क में इस शावक को आधिकारिक रूप से डॉ. सोरंग तदाप ने प्राप्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि शावक को उचित देखभाल, चिकित्सा सुविधा और पुनर्वास के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाएगा।

00000000000000000

अरुणाचल प्रदेश अपने पहले रोडोडेंड्रोन महोत्सव के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। यह महोत्सव तवांग जिले के ज़र्मितेंग में 11 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा।यह क्षेत्र रोडोडेंड्रोन की 60 से अधिक प्रजातियों का घर है, जो अप्रैल से मई के बीच अपने चरम पुष्पन काल में बेहद मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करती हैं।रोडोडेंड्रोन के संरक्षण और संवर्धन के लिए तवांग में एक विशेष रोडोडेंड्रोन पार्क भी स्थापित किया गया है।

0000000000000

कौशल विकास एवं उद्‌यमिता विभाग, राज्य के पर्यटन विभाग के सहयोग से 23 से 27 मार्च 2026 तक इटानगर स्थित राज्य फूड क्राफ्ट संस्थान में फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन्स पर पाँच दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम में  फ्रंट ऑफिस के मूलभूत सिद्धांतों, अतिथि से संवाद, चेक-इन एवं चेक-आउट प्रक्रियाओं, संचार एवं शिकायत निवारण, कैशियरिंग एवं बिलिंग की मूल बातें तथा पेशेवर व्यक्तित्व विकास पर व्यावहारिक (एक्सपीरिएंशियल) सीखने पर प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों को आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में फ्रंटलाइन जिम्मेदारियों को आत्मविश्वास के साथ संभालने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

0000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया है कि अरुणाचल प्रदेश के पापुमपारे, लेपा राडा, लोअर दिबांग वैली, लोहित और अंजाव जिलों के कुछ स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने और भारी बारिश होने की बहुत संभावना है। लोगों से सावधानी बरतने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

00000000000000000

सरकार ने सोशल मीडिया पर उन खबरों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया है कि भारत में  केवल पांच से दस दिन का ही तेल भंडार बचा है। पत्र सूचना कार्यालय-पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने इन दावों को भ्रामक बताते हुए कहा कि देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है।  ईंधन आपूर्ति स्थिर बनी हुई है और इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। देश में लगभग चौहत्तर दिनों की भंडार क्षमता है और वर्तमान भंडार लगभग साठ दिनों के लिए पर्याप्त है। इसमें कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और भूमिगत रणनीतिक भंडार शामिल हैं। सरकार ने नागरिकों से कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है। ईंधन और गैस की उपलब्धता के संबंध में केवल आधिकारिक सूत्रों द्वारा सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए।

00000000000000000

युपिया स्थित गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में चल रहे अंडर-23 ट्राई-नेशन फुटबाल चैंपियनशिप 2026 में आज भारत का मुकाबला भूटान से हो रहा है।

0000000000000000000000